


दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें

Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in

padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 190 ● मुंबई, रविवार 09 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज केंद्रों ने हर्षोल्लास से मनाया महिला दिवस



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज मोती मंगरी व देबारी सेवा केंद्रों की बहनो ने हर्षोल्लास से महिला दिवस मनाया 7 मीडिया समन्वयक प्रो विमल शर्मा ने बताया की आज के बदलते परिवेश में नारी की भूमिका व नारी सशक्तिकरण पर बोलते हुए बी के रीटा बहन ने कहा की नारी का सशक्त होना नितांत आवश्यक है परन्तु शक्ति का अर्थ बल प्रयोग कर उचित अनुचित बात मनवाना कतई नहीं होना चाहिए। नारी तो सदैव से संवेदनशील रही है व दया प्रेम सहयोग से पूरे परिवार को एकजुट रखते हुए सभी कार्य निष्पादित करने का सामर्थ्य रखती है, इसी में वो अपनी पूरी शक्ति लगा सफल हो पाती है डॉ मधु सरीन ने कहा कि स्त्री पुरुष परस्पर एक दूसरे के पूरक है व मैडिटेशन से सभी को अपनी शक्तियों का विस्तार करना चाहिए श्रीमती नैना जैन व अल्का व्यास आदि ने कहा कि ब्रह्माकुमारी केंद्र कि बहनो से मिलकर आनंद व प्रेम कि अनुभूति होने के साथ आत्मीय शांति मिलती है ये केंद्र महिला सशक्तिकरण का एक जीवंत उद्धाहरण है सभी ने एक दूसरे को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कि शुभकामनायें प्रेषित की।

### नर्सेज ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल उदयपुर की नर्सेज ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्सिंग अधीक्षका शारदा गरासिया ने की एवं मुख्य अतिथि नर्सिंग अधीक्षका श्रीदेवी एम ने थी। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता सिंह ने किया।

### महिलाओं ने किया मूलनायक भगवान पदमप्रभु का भव्य पंचामृत अभिषेक



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गणेश नगर पायडा उदयपुर में शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर अध्यक्ष प्रकाश चंद्र अदवासिया के नेतृत्व में महिलाओं के द्वारा पदम प्रभु भगवान का भव्य पंचामृत अभिषेक एवं विभिन्न रसों के द्वारा भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की गई। प्रवक्ता संजय गुड़लिया ने बताया कि प्रथम अभिषेक वीणा पटवा द्वारा किया गया एवं प्रथम शांति धारा सुमित्रा दलावत द्वितीय शांति धारा गिरिजा पद्मावत एवं तृतीय शांति धारा सोनल गुडलिया सावित्री गुडलिया अर्हम गुड़लिया परिवार के द्वारा की गई। सभी महिला द्वारा नित्य नियम पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर लीला चिबोडिया, बसंती सलूंबरिया,सरला लखदार, सुमित्रा अदवासिया, गुलाब देवी गुडलिया, मुन्ना रूपजीयोत, मंजू अदवासिया, रेणु गुडलिया, कांता सकरावत, ललिता झगडावत, सुशिला चिबोडिया आदि मौजूद रहीं।

### होली, धुलेण्डी पर्व हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

● पदमावत मीडिया

**बांसवाड़ा।** जिले में 13 मार्च को होली एवं 14 मार्च को धुलण्डी त्यौहार के दौरान आपात स्थितियों की संभावनाओं एवं उन पर तत्काल नियंत्रण किये जाने की व्यवस्था हेतु जिला कलक्ट्रेट कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. इन्द्रजीत यादव द्वारा जारी आदेश अनुसार यह नियंत्रण कक्ष तीन पारियों यथा प्रथम पारी प्रातः 6 से अपरान्ह 2 बजे तक, द्वितीय पारी अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा तृतीय पारी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक कार्यरत रहेगा, जिसमें प्रत्येक पारी में तीन-तीन कार्मिक तैनात रहेंगे। वहीं चार आरक्षित कर्मचारी रखे गये हैं। डॉ. इन्द्रजीत यादव ने आदेश में आरक्षित कर्मचारियों को बिना स्वीकृति मुख्यावास नहीं छोड़ने के आदेश दिए।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

# राज्य सरकार आधी आबादी के सशक्तीकरण के लिए कृतसंकल्पित इस वर्ष का बजट महिलाओं को समर्पितः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा





● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं का विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि महिलाएं राजनीति, कला, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा सहित हर मोर्चे पर अपने उत्कृष्ट कार्यों से देश और प्रदेश को गौरवान्वित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति का आह्वान किया कि अंतिम पंक्ति पर खडी जरूरतमंद महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के लिए मिलकर प्रयास करें और देश-प्रदेश को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### मुख्यमंत्री ने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाडो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर दिए जा रहे एक लाख रुपये के सेविंग बॉन्ड की राशि को बढ़ाकर एक लाख 50 हजार रुपये करने की घोषणा की। शर्मा शनिवार को बिड़ला सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं त्याग, करुणा, स्नेह, धैर्य, सहनशीलता, संवेदनशीलता, सौम्यता, विनम्रता, वीरता, सहानुभूति जैसे अनेक गुणों की प्रतिमूर्ति होती हैं। यह दिन मातृशक्ति के योगदान को सम्मान देने का अवसर तथा हर क्षेत्र में महिलाओं की शानदार उपलब्धियों पर गर्व करने का दिन है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे के लिए उसकी मां ही उसकी प्रथम गुरु होती है तथा व्यक्ति को सुशिक्षित एवं सभ्य बनाने में नारी का बहुत बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को हमेशा सम्मान दिया गया है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है कि जहां नारी की पूजा की जाती है वहां देवता निवास करते हैं।

### प्रधानमंत्री के फैसलों से बढ़ा महिलाओं का सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसलों से देश में महिलाएं सशक्त तथा आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसी कड़ी में आज के दिन प्रधानमंत्री के डिजिटल सोशल मीडिया अकाउंट की जिम्मेदारी भी नारी शक्ति को ही सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जहां घर-घर में शौचालय बनवाकर नारी शक्ति को उचित सम्मान दिया वहीं, उज्ज्वला योजना से हर घर तक रसोई गैस सिलेंडर पहुंचाया। हमारी सरकार भी 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आधी आबादी की उन्नति और प्रगति के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाया जिससे महिलाओं के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### महिलाओं के कल्याण और हितों के लिए राज्य सरकार ने लिए अहम निर्णय

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार महिलाओं के कल्याण और हितों के लिए काम कर रही है। राज्य सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना के तहत 3 लाख से ज्यादा महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। साथ ही, मातृवंदन योजना से करीब 5 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा साथिन बहनों के मानदेय में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 10 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों पर पौधारोपण जैसे कार्य किए गए हैं।

### महिला सशक्तीकरण की गति को तेज करने के लिए बजट में किए महत्वपूर्ण प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि देश और प्रदेश दोनों का बजट महिलाओं ने ही पेश किया है। हमारे इस बजट में भी महिला सशक्तीकरण की गति को तेज करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। संभागीय मुख्यालयों पर 50 बेड के सरस्वती हाफ वे होम्स स्थापित, 10 जिला मुख्यालयों पर बालिका देखभाल संस्थान, नवगठित नगरीय निकायों में 500 पिंक टॉयलेट का निर्माण जैसे कदम बजट में उठाए गए है। इसी तरह बजट में हर ब्लॉक पर एक उच्च माध्यमिक विद्यालय या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र की स्थापना, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और कालीबाई योजना के तहत 35 हजार स्कूटी का वितरण का भी प्रावधान किया गया है।

### गत सरकार की तुलना में हमारी सरकार कर रही तेजी से काम

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछ्ले एक साल में तेजी से काम किया है। पिछ्ली सरकार ने वर्ष 2023 में कृषि में अध्ययनरत 23 हजार छात्राओं को 22 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी, लेकिन हमने 2024 में 33 हजार से अधिक कृषि छात्राओं को 59 करोड रुपये की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि गत सरकार ने कालीबाई भील मेधावी छात्रा योजना के तहत 2023 में करीब 4 हजार स्कूटी का वितरण किया, जबकि हमारी सरकार ने अपने पहले ही वर्ष 2024 में 14 हजार से अधिक स्कूटी का वितरण किया है। साथ ही, पिछ्ली सरकार ने 2023 में एक भी स्कूली छात्रा को साइकिल नहीं दी, जबकि हमने 2024 में 10 लाख छात्राओं को साइकिल दी हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में 67 हजार बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार दिया, जबकि हमने 2024 में 92 हजार से अधिक बालिकाओं को इस पुरस्कार से नवाजा है। गत सरकार में 2023 में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना से 2 लाख महिलाओं को लाभान्वित किया गया, जबकि हमने इस योजना का लाभ 2024 में 5 लाख महिलाओं को दिया है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि समाज में महिलाओं के लिए अवसरों में समानता निरंतर बढ़ रही है। आज महिलाओं की स्टार्ट-अप, व्यवसाय, कला, पर्यटन, खेल, मीडिया सहित सभी क्षेत्रों में भागीदारी में वृद्धि हुई है। इस आधी आबादी में निर्णय लेने की गजब क्षमता होती है जिससे परिवार, देश, समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत, उज्ज्वला जैसी योजनाओं से महिला हितों के लिए जागरूकता बढ़ाई है। उनकी हर योजना में महिलाओं का हित केन्द्र में होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 10 प्रतिशत बढाना, लखपति दीदी का दायरा बढ़ाना जैसे कदमों से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा रहा है। इससे पहले समारोह में मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री किट योजना की गाइडलाइन, अमृत आहार योजना के तहत 5 दिवस दूध वितरण की स्वीकृति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित आवासीय संस्थानों में मैस भत्ता बढ़ाने की स्वीकृति, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को 25 प्रतिशत के बजाय 1.5 प्रतिशत ब्याज दर पर एक लाख रुपये तक का ऋष्ण उपलब्ध करवाए जाने के दिशा-निर्देश जारी किए। इसी तरह, मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग की सोलर दीदी के नए मानदेय कैडर के दिशा-निर्देश, सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग के लिए दिशा-निर्देश, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की नमो ड्रोन दीदी के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अतंरराष्ट्रीय शूटिंग महिला खिलाड़ी मानिनी कौशिक तथा पर्वतारोही आशा को 25 बीघा कृषि भूमि का आवंटन पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन, सेनिटरी नैपकिन उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूह, सर्वश्रेष्ठ महिला एवं बाल विकास कर्मी सहित विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि आज महिला दिवस के अवसर पर जिले में चिकित्सा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान और नियमित टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 80 चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी और आशा सहयोगिनीओ को सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती है। सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि यह कार्यक्रम जी बी एच अमेरिकन, बेडवास के सभागार में आयोजित किया गया। विशेष अतिथि जीबीएच ग्रूप आफ हास्पिटल के चैयरमेन डॉ कीर्ति कुमार जैन ने बताया कि सभी बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन लगायी जानी चाहिए ताकि गर्भाशय के मुंह के कैंसर से बचाया जा सके। सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि एनसीडी कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत महिलाओं की कैंसर की जांच की जा रही है। सरकार एचपीवी वैक्सीन खरीदनें की तैयारी कर रही है। वैक्सीन उपलब्ध होते ही बच्चियों को लगाई जायेगी। आरसीएचओ डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी, आशा, प्रशासनिक अधिकारी और चिकित्सा संस्थानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ में महिला दिवस मनाया गया

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक विभाग डिपार्टमेंट ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्रारंभ में संस्थान निदेशक प्रोफेसर मंजू मांडोत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डाला द्ध निदेशक महोदया ने बताया की आज समाज में बहुत सारी महिलाएं ऐसी है जो घर की जिम्मेवारी के साथ-साथ कई क्षेत्रों में भी देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा की यह विशेष दिन अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं का सम्मान करने व उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाने का दिन है। साथ ही छात्राओं को सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित किया द्ध सम्मानित विशिष्ट अतिथि, शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. ज्योत्स्ना जैन ने कहा कि समाज में महिलाओं का दर्जा बहुत ऊंचा है एवं बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए बताया की अगर एक बच्चा शिक्षित होता है तो एक ही परिवार शिक्षित होता है, लेकिन अगर एक लड़की को पढ़ाया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण पीढ़ी शिक्षित होती है। उन्होंने नारी शक्ति को त्याग की मूर्ति बताया। इस दौरान विधार्थियों ने भी सुंदर चार्ट, कविताएं, आर्टिकल आदि पेश करके अपने विचार रखे। उपस्थित सम्मानित महिला अध्यापिकाओं, कार्यकर्ताओ, छात्राओ को उक्त दिवस पर उनकी हौंसला अफजाई करते हुए उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तुलसीदास की सराय के व्याख्याता श्री वीरेन्द्र सिंह चुण्डावत ने भी अपने विचारो से प्रेरित कियाद्ध डॉ भारत सिंह देवड़ा ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया, संचालन डॉ प्रदीप सिंह शक्तावत ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनीष श्रीमाली ने दिया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# युवाओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा





● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शहर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा एमबी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदाता युवा वाहिनी के रोहित जोशी ने बताया कि महिला दिवस के मौके पर सरगरा समाज द्वारा आज पहल करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जोशी ने बताया कि समाज द्वारा शनिवार को 5 जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जो कि प्रशंसनीय है। वही समाजजनों का कहना है कि सरकारी और निजी हॉस्पिटलों में रक्त की कमी देखने को मिलती है, जिसके चलते कई लोगों की जान तक चली जाती है, इसी को देखते हुए समाजजनों ने रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया। समाज के युवाओं ने रक्तदान कर महादान का संदेश दिया और जीवन बचाने के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही शिविर में लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और रक्तदान को महादान के रूप में बताया गया। शिविर में लोगों को रक्तदान के माध्यम से दूसरों की जान बचाने के महत्व के बारे में भी बताया गया। इस दौरान युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित किया। समाजजनों ने शिविर में बताया कि रक्त की बीमारियों, दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में आवश्यकता पडती है, ऐसे में रक्तदान करके हम कीसी को नया जीवन दे सकते है। वही शिविर में लोगों को रक्तदान के फायदों के बारे में भी बताया गया।

## भींडर अस्पताल का औचक निरीक्षण सफाई व्यवस्था पर जताया असंतोष

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जिला कलेक्टर नमित मेहता ने शनिवार को भिंडर प्रवास के दौरान राजकीय जिला चिकित्सालय भिंडर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं माकूल नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। भीण्डर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेने के पश्चात जिला कलेक्टर कस्बे में स्थित राजकीय जिला अस्पताल भीण्डर पहुंचे। वहां भवन की खस्ताहालत और गंदगी देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने वहां कार्यरत चिकित्साधिकारी से जवाब-तलब करते हुए एक माह में दशा सुधारने की हिदायत दी। उन्होंने उपखंड अधिकारी रमेशचंद्र बहेडिया को खुद मॉनिटरिंग करते हुए पंचायत समिति, नगरपालिका और भामाशाहों के सहयोग से जरूरी व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन का रंग रोगन कराने, बेड पर प्रॉपर चादर बिछवाने, पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने, वार्ड ओर शौचालयों सहित पूरे कैंपस की नियमित सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके से ही सीएमएचओ को फोन कर आगामी दिनों में भीण्डर अस्पताल पहुंच कर स्थिति देखने तथा समन्वय करते हुए सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश भी दिए।

# जिला प्रमुख ने तेरे-मेरे सपने विवाह पूर्व संवाद केन्द्र का किया शुभारंभ

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला हिवस 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय महिला आयोग, नई-दिल्ली के मार्गदर्शन में पारिवारिक समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शनिवार को जिला प्रमुख श्रीमती ममता कुंवर पंवार ने धनलक्ष्मी केन्द्र, पंचायत समिति गिर्वा में विवाह पूर्व संवाद केंद्र का शुभारम्भ किया। इस केंद्र का उद्देश्य वैवाहिक जीवन से जुड़े भावनात्मक, मनोवैज्ञनिक और सामाजिक पहलुओं के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करना है, ताकि दाम्पत्य जीवन अधिक स्वस्थ, खुशहाल और संतुलित बन सके। केन्द्र पर सेवाऐं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, राष्ट्रीय महिला आयोग को प्राप्त होने वाली अधिक शिक्षाएं घरेलू विवादों से संबंधित होती हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने यह अनूठी पहल शुरू की है। जैसे खुले संवाद, समुचित निर्णय लेने और विवाह में आपसी सम्मान की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा सके। पूरे भारतवर्ष में ऐसे तकरीबन 22 केन्द्रों का प्रारंभ हो रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीया अध्यक्ष ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहाः कि ÷सफल विवाह केवल रीति-रिवाजों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह समझ, विश्वास और संवाद पर आधारित होता है। 'तेरे मेरे सपने' युवाओं को आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करेगा। 'तेरे मेरे सपने' प्री-मैरिटल कम्युनिकेशन सेंटर में प्रशिक्षित परामर्शदाताओं द्वारा संरचित कार्यशालाओं, सेमिनार, वीडियो एवं समूहों में कार्यशालाओं और युवाओं व उनके परिवारों के बीच संवाद सत्रों के माध्यम से विवाह पूर्व शिक्षा प्रदान की जाएगी। यह शिक्षा विवाह एवं रिश्तों में विश्वास एवं समझ विकसित करने में सहायक होगी। यह पहल विवाह से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे कि भावनात्मक बुद्धिमत्ता, वित्तीय प्रबंधन, पारिवारिक अपेक्षाएँ एवं व्यक्तिगत आकांक्षाओं को समझने में सहायता प्रदान करेगी। यह कार्यक्रम नीति अधिकारी, सामाजिक संगठनों और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार और वैवाहिक कलह के मामलों में कमी लाना है, ताकि वैवाहिक जीवन अधिक स्थिर और संतुलित बन सके। 'तेरे मेरे सपने' केवल एक संवाद की शुरुआत नहीं है-यह एक ऐसे भविष्य की नींव रखने की दिशा में उठाया गया कदम है, जहाँ विवाह आपसी समझ, भावनात्मक शक्ति और साझा सपनों पर आधारित होंगे। कार्यक्रम में संजय जोशी, उप निदेशक, डॉ. गायत्री तिवारी, विशेषज्ञ पारिवारिक परामर्श एवं पोष समिति अध्यक्ष एवं पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र से विमला वीरवाल, सुमन वीरवाल, कुलाशा सालवी, एवं अन्य परामर्शदाता उपस्थित थे।

# नारी शक्ति का आत्मनिर्भर होना आवश्यक : फत्तावत



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर श्री महावीर युवा मंच संस्थान महिला प्रकोष्ठ, उदयपुर की ओर से भूपालपुरा स्थित निजी रिसोर्ट में मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण पर विशेष आयोजन हुआ। जिसमें फत्तावत ने कहां कि सामाजिक कुरीतियों के रोकथाम व नारी शक्ति को स्मार्ट बनाने के लिए 100 महिलाओं की एक ब्रिगेड तैयार की जाएगी तथा नारी फिट होगी तो उसका पूरा परिवार स्वयं फिट हो जाएगा। आदर्श समाज की स्थापना के लिए महिला शक्ति को क्रांतिकारी कदम उठाने होंगे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय योग व जुम्बा प्रशिक्षिका डॉ. शालिनी जैन ने आकर्षक योग-प्रयोग करा कर नारी शक्ति को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम संयोजिका सोनल सिंघवी व कल्पना वस्तावत ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर डीपीएस स्कूल की शिक्षिकाओं का एक दल जिसमें सारिका जैन, नीतू कपिल, गरिमा कस्तुरी, भावना नागदा, टीना तलेसरा, तुलिका राठौड़ व प्रीति ढाका के नेतृत्व में छात्रओं के दल ने महिला शक्ति को गुलाब का फूल व बेच देकर स्वागत किया। विद्यालय परिवार ने महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर विशेष सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया। छात्रा तनवी, प्रतिष्ठा, शुभांगी, अन्वी सिंह आदि ने गीत संगीत तथा नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां दी। संस्थान अध्यक्ष अशोक कोठारी, समन्वयक चन्द्र प्रकाश चोर्डिया ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के मंगलाचरण से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा ऋतु मारू ने किया तथा आभार महामंत्री प्रिया झगड़ावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सुन्दर संचालन सोनल सिंघवी एवं कल्पना वस्तावत ने संयुक्त रूप से किया।

# महिला दिवस पर शॉर्ट फिल्म रेप का प्रदर्शन मौन संघर्षों को दर्शाया, पोस्टर का विमोचन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** लेकसिटी के उभरते कलाकारों की ओर से बनाई गई शॉर्ट फिल्म रेप का विशेष प्रदर्शन महिला दिवस के मौके पर शनिवार को किया गया। इस मौके पर शहर के प्रबुद्ध लोगों को फिल्म दिखाने के साथ ही रेप के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। फिल्म के निर्माता निर्देशक लोकेश पालीवाल ने बताया कि ये फिल्म अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदर्शित करने का मकसद यह रहा कि इस फिल्म के जरिए महिला पर हो रहे अत्याचारों को समाज में रेखांकित करना और लोगों में जागरूकता बढ़ाना. इस फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में प्रिया कुमावत ने भूमिका निभाई. फिल्म की खास बात यह है कि इस फिल्म में सिर्फ एक डायलॉग ही बोला गया जबकि पूरी फिल्म मूका अभिनय पर आधारित थी. इस फिल्म में महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले मौन संघर्षों और सामाजिक चुनौतियों पर प्रकाश गहरा प्रकाश डाला गया। साथ ही यह भी दिखाया गया कि किस प्रकार एक महिला जब घर से बाहर निकलती है तो अलग-अलग जगह पर उत्पीड़न झेलने के साथ ही अपने आप को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए काफी संघर्ष करती है। फिल्म के प्रदर्शन और पोस्टर विमोचन के मौके पर देहात जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, कांग्रेस की कामिनी गुर्जर, लेखिका कुसुम मेघवाल, समाजसेवी तारिका भानुप्रताप सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। फिल्म के निर्माण के रूप में कुसुम मेघवाल, हितेश शर्मा, श्रेया ने आर्थिक सहयोग दिया जबकि एवं यश ने वीडियोग्राफी और एकार्थ पुरोहित ने संगीत दिया. शहर के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता फैलाने का काम करेगी रेप फिल्म फिल्म के निर्माता निर्देशक लोकेश पालीवाल ने बताया की फिल्म के सफल के विशेष प्रदर्शन के बाद शहर के जन्म प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध जनों ने फिल्म को अलग-अलग स्थान पर प्रदर्शन करने का सुझाव दिया इसको देखते हुए अब इस फिल्म का प्रदर्शन उन जगहों पर किया जाएगा जहां पर आम लोगों की आवाज आई रहती है ताकि इस फिल्म के जरिए महिलाओं पर हो रहे अत्याचार मोहन संघर्षों और भेदभाव की घटना को लेकर आम जन्मे जागरूकता फैलाई जा सके।

# ऋषभदेव से अलग कर पृथक कल्याणपुर पंचायत समिति की मांग हुई तेज,ग्रामीणों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** प्रदेश में पंचायत पुनर्गठन की चल रही प्रक्रिया के बीच जिले की ऋषभदेव पंचायत समिति से पृथक कर कल्याणपुर को नवीन पंचायत समिति गठित करने की मांग जोर पकड़ रही है। क्षेत्र के बाशिंदे लगातार मांग को उपयुक्त प्राधिकरणों तक पहुंचा रहे है।इसी क्रम में गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों ने उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत से मुलाकात कर कल्याणपुर नवीन पंचायत समिति गठित करने हेतु ज्ञापन सौंपते हुए मांग को दोहराया, इस पर सांसद ने भी सकारात्मक आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को भी उक्त मांग हेतु ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर नमित मेहता एवं भाजपा नेताओं को ज्ञापन सौंपे थे। सांसद डॉ रावत को ज्ञापन देते हुए मण्डल अध्यक्ष ईश्वरलाल मीणा ने बताया कि कल्याणपुर पंचायत समिति गठन हेतु प्रत्येक मापदंड पूर्ण हो रहा है साथ ही समय के साथ आबादी बढ़ने के चलते एवं अनुसूचित क्षेत्र होने के चलते प्रशासनिक इकाइयों की आमजन तक सुलभ पहुँच हेतु कल्याणपुर पंचायत समिति का गठन किया जाना नितांत आवश्यक है तथा क्षेत्र की समस्त जनता हेतु लाभकारी होगा। इस दौरान पूर्व उपसरपंच कल्याणपुर जनकसिंह झाला,पूर्व सरपंच कटेव मंशाराम परमार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवीलाल मीणा, आरएसएस कार्यकर्ता पन्ना लाल मीणा,मंडल महामंत्री नाहर सिंह मीणा, बरना सरपंच शंकर लाल आदि मौजूद रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिवस कार्यक्रम आयोजित

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों किया सम्मानित

● पदमावत मीडिया



**डूंगरपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजमाता सिंधिया ऑडिटोरियम हाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर से आई महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व सांसद कनकमल कटारा, पूर्व राज्यमंत्री सुशील कटारा, जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह, जिला प्रमुख श्रीमती सूर्या अहारी, पूर्व विधायक अनिता कटारा, समाजसेवी अशोक पटेल राणोली, समाजसेवी बंशीलाल कटारा, राजकुमारी प्रजापत, कांतिलाल रोत एवं गणमान्य मौजूद रहें। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डूंगरपुर-बांसवाड़ा पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने कहा कि राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने रक्षाबंधन के अवसर पर निःशुल्क यात्रा, रोडवेज बस में किराए की छूट के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री सुशील कटारा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला शक्ति समाज का अभिन्न हिस्सा है और उनकी शक्ति और समर्पण के बिना समाज की प्रगति असंभव है। सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से हर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र खोले गए हैं। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि महिला और पुरुष को समान अवसर प्राप्त हो। समाजसेवी अशोक पटेल राणोली ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने तथा अन्य पात्र को भी लाभांवित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख सूर्या अहारी एवं पूर्व विधायक अनीता कटारा ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा को निखार कर पूरी दृढ़ता के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में समाजसेवी बंसीलाल कटारा ने महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सभी क्षेत्रों में आगे हैं। उन्होंने शहीद वीर बाला कालीबाई भील का उदाहरण देते हुए कहा कि नारी में असाधारण क्षमता के गुण पाए जाते हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जानकारी दी और कहा कि इन योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य रखा है, वह अवश्य पूरा किया जाएगा। महिलाओं के समूह के विकास के माध्यम से भारत 2047 तक भारत को विकसित भारत की श्रेणी में लाया जाएगा। इस अवसर पर अन्य अतिथियों द्वारा भी उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना तथा माता यशोदा पुरस्कार योजना के तहत प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीता रोत और पंकज दवे ने किया।

# सारथी की शक्ति का सम्मान

**पदमावत मीडिया, उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर परिवहन विभाग व आधार फाउंडेशन के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर नवाचार किया गया। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और साथ ही नए क्लब का भी गठन किया।

## जिला कलेक्टर की पहल

# कलेक्टर कार्यालय परिसर में सफाई अभियान अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जिला कलेक्टर नमित मेहता की पहल पर शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभी राजकीय कार्यालयों में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान किया। विशेष अभियान के तहत शनिवार को अवकाश के बावजूद सुबह 8 बजे अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय पहुंचे। कार्मिकों ने उत्साह से श्रमदान कर सफाई की। जिला कलेक्टर कार्यालय में पीए सेक्शन, सामान्य शाखा, राजस्व, संस्थापन, आवक जावक, ओएस ऑफिस आदि में सफाई कर सामग्री और फाइल्स को व्यवस्थित किया गया। इसी प्रकार एडीएम प्रशासन, एडीएम सिटी ऑफिस, जिला परिषद, कोष कार्यालय, रसद विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी आदि सभी विभागों में भी सफाई अभियान चलाया गया। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने पूरे कार्यालय परिसर का भ्रमण कर सफाई अभियान का मुआयना करते हुए कार्मिकों की हौसला अफजाई की। इस दौरान एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह, सीईओ रिया डाबी आदि भी उपस्थित रहे।

# सुरों की मंडली में मधुर गीतों की धुन पर खूब थिरकी मेलोडी क्वीनस




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सुरों की मण्डली द्वारा महिला दिवस पर आयोजित संगीतमय कार्यक्रम मेलोडी क्वीन में महिलाओ ने कराओके ट्रेक पर मधुर गीत गाये और खूब डांस किया । संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि महिलाओं को मंच प्रदान करने के लिए यह आयोजन महिला दिवस पर आयोजित किया ,जिसमें सम्मिलित होकर महिलाओ ने खूब एन्जॉय किया । कार्यक्रम संयोजक वीनू वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन से हुआ कार्यक्रम में 40 महिलाओं को प्रस्तुति से पहले क्वीन क्राउन पहनकर स्वागत किया । कार्यक्रम में निधि सक्सेना ÷अब तो है तुमसे हर खुशी÷,वीनू वैष्णव ÷मेरा नाम चीन चीन चु÷, अनिता सिंघी÷जब छाए मेरा जादू÷,दिव्या सारस्वत÷ बाबूजी धीरे चलना÷ के गीत को महिलाओं ने खूब सराहा और तालिया बटोरी साथ ही श्रेष्ठ प्रस्तुतियों पर गिफ्ट वाउचर भी दिए गए। लेट्स डांस की संयोजक डॉ.चन्द्रकला चौधरी एवं राजीव बामना के निर्देशन में सभी ने जुम्बा डांस किया ।संयोजक डॉ. अनिता सिंघी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निधि सक्सेना,मेघना जैन,दीपा साबला,कविता कुमावत,तमन्ना सुहालका ने शिरकत की । जिनका स्वागत कार्यक्रम संयोजक एवं कमेटी मेम्बर्स द्वारा किया गया । मेघना जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं के लिए इस तरह संगीत के आयोजन होने चाहिए जिससे उन्हें अपने में छिपी प्रतिभा को मंच मिले। इस दिशा में सुरों की मण्डली का यह आयोजन काफी सराहनीय रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन वीनू वैष्णव एवं दिव्या सारस्वत द्वारा किया गया। गिफ्ट वाउचर प्रभात हेयर स्पा एवं एनआईसीसी द्वारा प्रायोजित किये गए । अंत मे प्रेमलता कुमावत द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

## जिला कलक्टर ने किया भीण्डर क्षेत्र का दौरा

# भीण्डर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक भोपाखेड़ा में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का निरीक्षण

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** जिला कलक्टर नमित मेहता शनिवार अपराह्न बाद भीण्डर क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने राजकीय कार्यालयों व अस्पताल का निरीक्षण किया। वहीं भोपाखेड़ा ग्राम पंचायत में फॉर्मर रजिस्ट्री कैम्प का भी अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

जिला कलक्टर श्री मेहता अपराह्न बाद भीण्डर के लिए रवाना हुआ। सर्वप्रथम वह भीण्डर उपखण्ड की ग्राम पंचायत भोपाखेड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ई-केवायसी, फॉर्मर आईडी रजिस्ट्रेषन आदि की जानकारी लेते हुए आवष्यक दिशा-निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी रमेषचंद्र बहेड़िया से क्षेत्र में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति संबंधी जानकारी ली। इस दौरान जिला कलक्टर ने कैम्प में उपस्थित किसानों से भी संवाद करते हुए फार्मर आईडी और फॉर्मर रजिस्ट्री की उपयोगिता समझाई। जिला कलक्टर ने क्षेत्र के शत प्रतिशत काश्तकारों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला कलक्टर ने भीण्डर पहुंच कर तहसील कार्यालय तथा उपखण्ड कार्यालय का भी अवलोकन किया। फ्लैगशिप योजनाओं की बेहतर क्रियान्विति कर आमजन को करें लाभान्वित जिला कलक्टर भीण्डर स्थित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में जिला कलक्टर नमित मेहता ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल की माननीय मुख्यमंत्री महोदय तथा मुख्य सचिव महोदय की ओर से मॉनिटरिंग की जाती है। इसलिए अधिकारी गंभीरता से कार्य करते हुए प्रत्येक प्रकरण को यथासंभव 15 दिन के भीतर तर्कसंगत समाधान के साथ निस्तारित करें। उन्होंने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभान्वित किया जाए। उन्होंने शिक्षा, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास, वन, पीएचईडी, बिजली आदि विभागों के अधिकारियों से योजनाओं तथा बजट घोषणाओं की प्रगति की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था संबंधी जानकारी लेते हुए आगामी होली सहित अन्य पर्वों पर शांति व्यवस्थाएं बनाए रखने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में उपखंड अधिकारी रमेश चंद्र बहेड़िया, तहसीलदार सतीश चंद्र पाटीदार, विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महिला चित्रकारों की प्रदर्शनी अस्मि 2025 का हुआ शुभारंभ



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दृश्यकला विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला चित्रकारों की प्रदर्शनी अस्मि 2025 का शुभारंभ दृश्य कला विभाग की कला दीर्घा में हुआ। कार्यक्रम की संयोजक डॉ दीपिका माली ने बताया कि शहर में कला क्षेत्र में कार्य कर रही महिला कलाकारों का रचनात्मक संयोजन और भावो की अभिव्यक्ति इस कला प्रदर्शनी का सौंदर्य है। प्रदर्शनी में लगभग 40 पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया है।विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुनीता मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में कुलपति मिश्रा सहित किरण मुर्डिया , सविता द्विवेदी, सुरजीत चोयल, मीना बया, भावना वशिष्ठ, दीपिका माली, प्रेषिका द्विवेदी, इति कच्छावा, यामिनी शर्मा, शबनम हुसैन, डिंपल चंडात, शर्मिला राठौर, मीनाक्षी रतलीया, सोनम फुलवरिया,नैना सोमानी, आशा ललवानी कुमुदनी भरावा, मुक्ता शर्मा और वर्षा झाला ने अपनी कला को प्रदर्शित किया है। दीपिका द्वारा इस प्रदर्शनी में 250 पोस्टकार्ड पर नारी के सौम्य मनोभावों को संस्थापन कला के द्वारा दर्शाया है। यह नवाचार कला प्रेमियों और आगंतुको को विशेष रुचिकर लग रहा है। कार्यक्रम में मानविकी संकाय अध्यक्ष प्रो मदन सिंह राठौर, वरिष्ठ चित्रकार सुरेश शर्मा, शैल चोयल, डॉ बसंत कश्यप, डॉ धर्मवीर वशिष्ट, डॉ शाहिद परवेज, डॉ सुरेंद्र , रोकेश, शालिनी, सचिन, गौरव एवम कला विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी 12 मार्च तक कला प्रेमियों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कनाडा में पब में गोलीबारी में 12 लोग घायल: पुलिस



● पदमावत मीडिया

**कनाडा एजेंसी।** सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्कारबोरो टाउन सेंटर मॉल के निकट शुक्रवार रात हुई गोलीबारी में 12 लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध अब भी फरार है। घटना के बारे में अभी विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं हैं। कनाडा में पूर्वी टोरंटो के एक पब में गोलीबारी में 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्कारबोरो टाउन सेंटर मॉल के निकट शुक्रवार रात हुई गोलीबारी में 12 लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध अब भी फरार है। घटना के बारे में अभी विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं हैं।

### पत्नी ने नहीं दिया पानी, पति ने दे दिया तलाक

● पदमावत मीडिया

**बिजनौर।** यूपी में छोटी-छोटी बातों पर पति और पत्नी के बीच विवाद हो रहे हैं। तलाक के मामले सामने आ रहे हैं। शादियां टूट रही हैं। बिजनौर से हैरान करने वाले तीन मामले सामने आए हैं। यूपी के बिजनौर जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पत्नी ने पानी नहीं दिया तो शौहर ने तीन तलाक बोल दिया... मसला पुलिस तक पहुंच गया। अब काउंसलिंग चल रही है। पति और पत्नी के बीच दरक रहे रिश्तों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। अधिकांश मामलों में सहनशीलता की कमी और इगो आड़े आ रही है। छोटी-छोटी बातों पर पति और पत्नी के बीच अलगाव बढ़ रहा है। परिवार परामर्श केंद्र के आंकड़े यह तस्वीर साफ करने के लिए काफी हैं। थाना कोतवाली देहात के एक गांव निवासी युवक और उसकी पत्नी का मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंचा। जब दोनों को बुलाकर सुनवाई की गई तो महिला से दाल में नमक कम रह गया था, इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। पत्नी मायके चली गई और फिर दोनों एक दूसरे की कमियों को ढूंढने लगें। उक्त युवक की पहले दो और शादी टूट चुकी हैं। एक मामला पुलिस के पास ऐसा भी पहुंचा, जिसमें शादी होने के कुछ दिन बाद ही पति ने उसे मुंह दिखाई में मिले पैसों को मांगना शुरू कर दिया। पति को शराब की लत थी, पैसा नहीं देने पर दोनों के बीच विवाद हुआ और मारपीट होने लगी। मामले में समझौता होने के बजाए एफआईआर दर्ज करा दी गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दंपती का विवाद परिवार परामर्श केंद्र तक पहुंचा। विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। जब दोनों से बात की गई तो युवक अपनी पत्नी को ले जाने के लिए राजी हुआ। मगर पत्नी ने शर्त रख दी कि पहले संयुक्त परिवार से अलग हो जाओ।

### मुकदमा वापस न लेने पर महिला को दी जान से मारने की धमकी

● पदमावत मीडिया

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के धरीपुरवा में मुकदमा वापस न लेने पर हिस्ट्रीशीटर ने गालीगलौज कर दलित महिला को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि 29 अगस्त 2023 को उसने घाटमपुर के बांधगांव निवासी हिस्ट्रीशीटर रोहित यादव उर्फ बाबूसिंह के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला कोर्ट में विचाराधीन है और जिसकी अगली सुनवाई 28 अप्रैल को है। आरोप है कि कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद भी आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा है। वह लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाता है।

# चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान भवन में मनाया भव्य स्तर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**- सीए इंटरमीडिएट के रिजल्ट में ऑल इंडिया रैंक में पास विद्यार्थियों का किया सम्मान**

**- आयोजन में 150 सीए महिला सदस्यों एवं 50 सीए स्टूडेंट्स ने भाग लिया**

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान की उदयपुर शाखा सेक्टर 14 स्थित आईसीएआई भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए. राहुल माहेश्वरी ने ÷अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में की सभी महिला सदस्यों को शुभकामनाएं व हार्दिक बधाई दी और आगे जानकारी देते हुए बताया कि सत्र में प्रवक्ता आईआरएस सीए सारिका जैन, मुम्बई ने मोटिवेशन स्पीच दी और सभी महिला सदस्यों को जिंदगी में हमेशा स्वयं को कम न समझते हुए हर कार्य को करने की लगन होनी चाहिये कह कर की प्रेरणामयी संदेश देकर संबोधित किया। कार्यक्रम में ही महिला सीए सदस्यों के लिये फ्लेमिंग कुकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित हुई जिसमें 20 महिलाओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर प्रेरणा माहेश्वरी व नमिता सोमानी रही और द्वितीय स्थान पर पायल तलेसरा व शेफाली खोखावत रही। कार्यक्रम में 150 सीए महिला सदस्यों और 50 सीए स्टूडेंट्स ने भाग लिया, कार्यक्रम में महिला सदस्यों के लिए आकर्षक खेल आयोजित किये। शाखा के सीकासा अध्यक्ष सीए कपिल कुमार जोशी ने बताया कि सीए छात्रों के लिये सेमिनार का भी आयोजन किया गया, प्रवक्ता आईआरएस सीए सारिका जैन ने सम्बोधित किया। कपिल जोशी ने बताया कि अभी हाल ही में सीए इंटरमीडिएट के रिजल्ट में ऑल इंडिया रैंक में 36वां स्थान प्राप्त करने पर प्रनील खमेसरा और 45वां स्थान प्राप्त करने पर दीप्ति लोढ़ा को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सीए अरूणा गेलडा ने किया, इस कार्यक्रम को सीए मीनाक्षी भेरवानी ने स्पोन्सर किया। इस अवसर पर सीए देवेन्द्र कुमार सोमानी, उपाध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत, कोषाध्यक्ष सीए सौरभ गोलछा व कार्यकारिणी सदस्य सीए अंशुल कटेजा उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में शाखा सचिव सीए धर्मेन्द्र सिंह कोठारी ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्रमशक्ति एक्सप्रेस में एसजीएसटी का छापा, 174 नग माल पकड़ा



● पदमावत मीडिया

**कानपुर एजेंसी।** एसजीएसटी एसआईबी की संयुक्त टीमों ने शनिवार को श्रमशक्ति एक्सप्रेस में छापा मारकर दिल्ली से कर चोरी कर लाए गए 174 नग माल को पकड़ा। प्रारंभिक जांच में कोई भी दस्तावेज माल के साथ नहीं मिला। इस पर माल को लखनपुर स्थित कार्यालय लाया गया। इसमें होजरी, मोबाइल एसेसरीज, क्रॉकरी और हार्डवेयर उत्पाद मिले हैं। अपर आयुक्त ग्रेड दो एसआईबी जोन एक संजय पाठक और अपर आयुक्त ग्रेड दो एसआईबी जोन दो कुमार आनंद के निर्देश पर दोनों जोनों के आठ से ज्यादा अफसरों की टीम सुबह पांच बजे रेलवे स्टेशन पहुंच गई थी। जैसे ही श्रमशक्ति एक्सप्रेस ट्रेन रेलवे स्टेशन पर पहुंची, अफसरों ने ट्रेन के पार्सल यान और एसएलआर को अलग करवाया और जांच-पड़ताल शुरू की। कुमार आनंद ने बताया कि श्रमशक्ति एक्सप्रेस से 174 नग माल पकड़ा गया है। 43 नग होजरी उत्पाद और 131 नग मोबाइल एसेसरीज, क्रॉकरी और हार्डवेयर उत्पाद मिले हैं। पकड़े गए माल को तीन वाहनों में लोड करके कार्यालय लाया गया। माल का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा।

## एकाउंटेंट की परिभाषा में कॉस्ट अकाउंटेंट को शामिल करने सांसद रावत ने वित्त मंत्री को पत्र लिखा

### आईसीएमएआई की ओर से सांसद को दिया गया था ज्ञापन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) की मांग पर आयकर विधेयक, 2025 की धारा 515 (3) (बी) के अंतर्गत एकाउंटेंट की परिभाषा में कॉस्ट अकाउंटेंट को शामिल करने को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। सांसद श्री रावत ने पत्र में बताया कि भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) द्वारा आयकर विधेयक, 2025 की धारा 515 (3) (बी) के अन्तर्गत एकाउंटेंट की परिभाषा में सम्मिलित किये गये चार्टड अकाउंटेंट के साथ ही कॉस्ट अकाउंटेंट को शामिल करने का अनुरोध किया गया है। आईसीएमएआई के अनुसार भारत का लागत लेखाकार संस्थान एक सांविधिक निकाय है जिसे संसद द्वारा विशेष अधिनियम, अर्थात् लागत लेखाकार अधिनियम, 1959 के तहत स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य भारत में लागत और प्रबंधन लेखाकारों के पेशे का नियमन और विकास करना है। यह भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है। यह संस्थान विश्व का सबसे बड़ा लागत और प्रबंधन लेखांकन निकाय है, जिसमें लगभग एक लाख योग्य सीएमए (कॉस्ट मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स) और 6 लाख से अधिक छात्र सीएमए पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रहे हैं। संस्थान अंतर्राष्ट्रीय लेखाकार महासंघ, एशिया और प्रशांत लेखाकार महासंघ व दक्षिण एशियाई लेखाकार महासंघ का संस्थापक सदस्य है। संस्थान और इसके सदस्य अपने योगदान के लिए दृढ़ संकल्पित हैं ताकि सभी विकसित भारत-2047 के विज़न को साकार कर सकें। संस्थान की ओर से सुझाव दिया गया कि आयकर विधेयक, 2025 के धारा 515(3)(इ) के तहत लेखाकार की परिभाषा में कॉस्ट एकाउंटेंट को शामिल किया जाए। इस समावेशन से व्यवसायिक क्षेत्र में बेहतर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा, समावेशन की प्रक्रिया मजबूत होगी, और विकसित कराधान व्यवस्था के तहत लागत लेखाकारों के विशेषज्ञ कौशल का उपयोग कराधान और अनुपालन से संबंधित गतिविधियों में किया जा सकेगा। सांसद श्री रावत ने संस्थान की इस मांग पर विचार करने का अनुरोध किया है।

## चाकू मारकर युवक की हत्या, खेत में मिला शव- हाथ-पांव पर मिले घाव के निशान





● पदमावत मीडिया

**गोरखपुर एजेंसी।** युवक के गले और पैर पर चाकू के गहरे निशान दिखे। बताया जाता है कि युवक बगल के गांव में आई बारात में नाच देखने के लिए रात में ही घर से निकला था। मृतक के पिता ने बताया कि रात 8ः00 बजे के करीब उससे बात हुई तो कहा कि सुबह तक मैं घर आ जाऊंगा। गोला थाना क्षेत्र के गांव खिरकिटा दुबे गांव के सरकारी ट्यूबबेल के पास गेंहू के खेत में सत्यम कुमार(22) पुत्र रामनेवास का क्षत विक्षत् अवस्था में शव मिला। घर से खेत जा रही उसकी मां ने सबसे पहले शव को देखा और रोने-चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर खेत के आस-पास काम कर रहे दूसरे ग्रामीण पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। युवक के शरीर पर कई जगह चाकू से गोदे जाने के लिए निशान मिले। गले और पैर पर चाकू के गहरे निशान दिखे। बताया जाता है कि युवक बगल के गांव में आई बारात में नाच देखने के लिए रात में ही घर से निकला था। मृतक के पिता ने बताया कि रात 8ः00 बजे के करीब उससे बात हुई तो कहा कि सुबह तक मैं घर आ जाऊंगा आप परेशान न हो। मृतक युवक अविवाहित था। थानाध्यक्ष गोला वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि युवक की धारदार हथियार से हत्या की गई है। परिजन के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई होगी।

## छात्रों के प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेश की सेना को चेतावनी दी गई थी, संरा मानवाधिकार प्रमुख



● पदमावत मीडिया

**ढाका एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा है कि विश्व निकाय ने बांग्लादेश की सेना को चेतावनी दी थी कि यदि वह जुलाई-अगस्त 2024 में हुए छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा में शामिल हुई तो उसे संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

बांग्लादेश में छात्रों ने पिछले साल बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे जिसके चलते 15 साल से अधिक समय से सत्तारूढ़ शेख हसीना सरकार को पांच अगस्त को अपदस्थ होना पड़ा था। इसके तीन दिन बाद मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त तुर्क बुधवार को बीबीसी के हार्डटॉक कार्यक्रम में थे। उन्होंने बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप का प्रभाव पड़ा। उन्होंने यह बात तब कही जब साक्षात्कारकर्ता ने उनसे कहा कि विश्व निकाय अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत संकटों को हल करने में शक्तिहीन दिखाई देता है। ढाका ट्रिब्यून ने शुक्रवार को तुर्क के हवाले से कहा, ''बड़े पैमाने पर दमन हो रहा था। उनके लिए सबसे बड़ी उम्मीद वास्तव में हमारी आवाज़ थी, मेरी आवाज थी, और हम जो कर पाए थे, वह भी यही था।'' तुर्क ने कहा, ''और हमने सेना को चेतावनी दी थी कि अगर वह इसमें शामिल होती है, तो इसका मतलब है कि वे अब सेना का योगदान देने वाला देश नहीं रह पाएंगे। परिणामस्वरूप, हमने बदलाव देखे।

## 'वेस्ट बैंक' से 10 भारतीय कामगारों को वापस इजराइल लाया गया

**इजराइल एजेंसी।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इजराइली अधिकारियों ने भारतीयों का पता लगाने की कोशिश की। लापता हुए 10 भारतीय कामगारों के 'वेस्ट बैंक' में होने का पता लगने के बाद उन्हें इजराइल लाया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इजराइली अधिकारियों ने भारतीयों का पता लगाने की कोशिश की। उन्होंने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''उनके 'वेस्ट बैंक' में होने का पता चला...उन्हें वापस इजराइल लाया गया है। इस मामले की जांच की जा रही है कि वे (वेस्ट बैंक) कैसे गए।'' जायसवाल ने कहा कि इजराइल में भारतीय दूतावास इस मामले पर इजराइली अधिकारियों के संपर्क में है।

## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा दावा, टैरिफ में कटौती करने पर सहमत हो गया है भारत

**वाशिंगटन एजेंसी।**

ट्रंप ने कहा कि भारत हमसे बहुत ज़्यादा टैरिफ़ वसूलता है। बहुत ज़्यादा। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। वैसे, वे सहमत हो गए हैं; वे अब अपने टैरिफ़ में कटौती करना चाहते हैं क्योंकि कोई तो आख़िरकार उनके किए की पोल खोल रहा है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने आखिरकार टैरिफ में कटौती करने का फैसला किया है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब उन्होंने कहा कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर पारस्परिक टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होंगे। ट्रंप ने कहा कि भारत हमसे बहुत ज़्यादा टैरिफ़ वसूलता है। बहुत ज़्यादा। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। वैसे, वे सहमत हो गए हैं; वे अब अपने टैरिफ़ में कटौती करना चाहते हैं क्योंकि



कोई तो आख़िरकार उनके किए की पोल खोल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका को ठगा गया है और इसे रोकना होगा। मैंने अपने पहले कार्यकाल में इसे रोक दिया था और अब हम इसे वास्तव में रोकने जा रहे हैं क्योंकि यह बहुत अनुचित है। आर्थिक दृष्टिकोण से, वित्तीय दृष्टिकोण से और व्यापार दृष्टिकोण से, हमारे देश को दुनिया के लगभग हर देश ने ठगा है। ट्रंप ने यह भी कहा कि अभी टैरिफ अस्थायी और छोटे हैं, लेकिन प्रमुख टैरिफ जो पारस्परिक प्रकृति के होंगे, 2 अप्रैल से शुरू होंगे और वे हमारे देश के लिए एक बड़ा गेम चेंजर होंगे।

वहीं, भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के जरिये शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने सहित व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने व्यापार साझेदारों पर जवाबी शुल्क की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद यह बात कही गई। ट्रंप ने अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत दो अप्रैल से कई व्यापार साझेदारों पर जवाबी शुल्क की घोषणा की, जो अमेरिका से आयात पर अधिक शुल्क लगाते हैं। इस पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने संकेत दिया कि वह इस मुद्दे के सौहार्दपूर्ण समाधान की उम्मीद करता है।

## पाकिस्तान ने अफगान नागरिकता कार्ड धारकों से 31 मार्च तक देश छोड़ने को कहा

● पदमावत मीडिया

**इस्लामाबाद एजेंसी ।** पाकिस्तान सरकार ने सभी अवैध विदेशियों को उनके देश वापस भेजने की योजना के तहत अफगान नागरिकता कार्ड (एसीसी) धारकों के लिए स्वेच्छा से पाकिस्तान से जाने की अंतिम तिथि 31 मार्च तय की है। एक आधिकारिक दस्तावेज में यह जानकारी दी गई। मीडिया में शुक्रवार रात कथित रूप से लीक हुए इस दस्तावेज में संकेत दिया गया है कि इस्लामाबाद और रावलपिंडी में रह रहे एसीसी धारकों को अफगानिस्तान वापस भेजा जाएगा। यह अफगान प्रवासियों के लिए बहु-चरणीय



पुनर्वास योजना का हिस्सा होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर इस्लामाबाद और काबुल के बीच बिगड़ते संबंधों के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है और इसका असर उन आठ लाख से अधिक अफगान शरणार्थियों पर पड़ सकता है, जिनके पास एसीसी होने से वे दस्तावेज वाले शरणार्थियों की श्रेणी में शामिल हैं। जबकि सैकड़ों और हजारों लोग बिना दस्तावेज के यहां शरण लिए हुए हैं। इसमें कहा गया है कि अवैध विदेशी प्रत्यावर्तन कार्यक्रम (आईएफआरपी) को एक नवंबर 2023 से लागू किया गया है।

## नेपाल में तीन जगह भूकंप आया, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

● पदमावत मीडिया

**काठमांडू एजेंसी।** एनईएमआरसी के आंकड़ों के अनुसार, 2025 में नेपाल में 10 भूकंप आ चुके हैं, जिनकी तीव्रता 4.0 से अधिक थी, जबकि 2024 में 22 भूकंप दर्ज किए गए। हिमालयी राष्ट्र में अब तक का सबसे भयावह भूकंप 2015 में आया था। नेपाल में शनिवार को तीन जगह भूकंप का झटका महसूस किया गया। हालांकि, इसमें किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र (एनईएमआरसी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार अपराह्न 2.35 बजे 5.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसका केंद्र पूर्वी नेपाल के तापलेजंग जिले से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर में तिब्बत की डिंगे काउंटी में था। एनईएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप के झटके काठमांडू और पूर्वी नेपाल के कुछ अन्य जिलों में भी महसूस किए गए। इससे पहले दिन में पश्चिमी नेपाल के बागलुंग और म्याग्दी जिलों में क्रमशः दो भूकंप आने की खबर मिली। एनईएमआरसी के अनुसार, काठमांडू से करीब 300 किलोमीटर दूर बागलुंग जिले में सुबह छह बजकर 20 मिनट पर भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 थी और इसका केंद्र जिले का खुखानी इलाका था। इसने बताया कि इससे पहले तड़के 3.14 बजे बागलुंग से करीब 40 किलोमीटर दूर म्याग्दी जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए। केंद्र ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई जिसका केंद्र म्याग्दी जिले का मुरी इलाका था। एनईएमआरसी के आंकड़ों के अनुसार, 2025 में नेपाल में 10 भूकंप आ चुके हैं, जिनकी तीव्रता 4.0 से अधिक थी, जबकि 2024 में 22 भूकंप दर्ज किए गए। हिमालयी राष्ट्र में अब तक का सबसे भयावह भूकंप 2015 में आया था। उस समय 7.8 तीव्रता के भूकंप में 9,000 से अधिक लोग मारे गए थे और 8,00,000 से अधिक घर, स्कूल भवन और



## अलवर डीएसटी एवं थाना अरावली विहार पुलिस की कार्रवाई

# कोटपूतली बहरोड जिले के सनसनीखेज यासीन हत्या कांड मे फरार आरोपी जाहिद बल्लाणा दस्तयाब

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** अलवर डीएसटी एवं थाना अरावली विहार पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में गत वर्ष कोटपूतली बहरोड जिले में हुए सनसनीखेज यासीन खान हत्याकांड के मामले में वांछित पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी जाहिद मेव पुत्र जफरु (30) निवासी बल्लाणा थाना अकबरपुर जिला अलवर को दस्तयाब किया है।

जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए नारायणपुर पुलिस टीम को सौंप दिया गया एसपी संजीव नैन ने बताया कि वांछित बदमाशों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह व वृत्ताधिकारी उत्तर अंगद शर्मा के सुपरविजन मे विभिन्न टीमें गठित की गई है। आसूचना संकलन के दौरान डीएसटी को कोटपूतली बहरोड के यासीन हत्याकांड के आरोपी जाहिद बल्लाणा के बारे में पुख्ता सूचना मिली। सूचना पर डीएसटी प्रभारी एसएचओ



रामगढ़ विजेंद्र सिंह एवं एसएचओ अरावली विहार रामेश्वर लाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा यासीन हत्या कांड में फरार 5 हजार के इनामी आरोपी जाहिद मेव को दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी सबंधित सूचित कर आरोपी को थाना नारायणपुर टीम को सुपुर्द किया गया। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न थानों मे आधा दर्जन से ज्यादा (7) प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

### यह है मामला

अलवर के मूंगस्का निवासी यासीन खान गुरुवार 11 जुलाई 2024 को अपने साथी परमेंद्र शर्मा और जितेंद्र शर्मा के साथ किसी काम से जयपुर गए थे। शाम को वापस लौटते समय कोटपूतली-बहरोड़ जिले के विजयपुरा गांव के पास स्कॉर्पियो और थार जीप में सवार करीब 12 बदमाशों ने उनकी कार को रुकवाया। यासीन को बाहर निकाल कर बेरहमी से पीटा और फरार हो गए। घायल यासीन को उनके साथी जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आरोपी को दस्तयाब करने वाली टीम में डीएसटी प्रभारी एसएचओ रामगढ़ विजेंद्र सिंह एवं एसएचओ अरावली विहार रामेश्वर लाल सहित डीएसटी से एएसआई हरविलास, हेड कांस्टेबल दया राम, कांस्टेबल समय सिंह, काना राम, हरिओम, राजाराम, समुन्द्र, दीन मोहम्मद, देवेंद्र, करतार, संदीप (विशेष भूमिका), इरशाद व मुरारी लाल शामिल थे।

# महिला दिवस विशेषः शिक्षामंत्री ने किया स्कूली छात्राओं से संवाद

## लाड़ो प्रोत्साहन योजना के बारे में दी जानकारी

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** माननीय शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री श्री मदन दिलावर ने महिला दिवस के खास अवसर पर शनिवार को अपने सरकारी आवास पर राजकीय विद्यालयों की छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी छात्राओं को राजस्थान सरकार द्वारा संचालित लाड़ो प्रोत्साहन योजना के बारे में जानकारी दी। यह योजना बालिका सुरक्षा एवं सहायता के लिए राज्य सरकार की एक अभिनव पहन है जिसके तहत विभिन्न चरणों में रुपए एक लाख की सहायता राशि परिवार को प्रदान की जाती है। संवाद के प्रारंभ में शिक्षामंत्री ने प्रत्येक छात्रा से उनका परिचय पूछा और शैक्षिक जानकारी ली। साथ ही उनके विद्यालय में आवश्यक सुधारों के लिए सुझाव मांगे। इसके बाद छात्राओं को लाड़ो प्रोत्साहन योजना से संबंधित प्रश्नों के जवाब भी दिए। इस दौरान उन्होंने विभाग के नवाचारों एवं उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से बताया। शिक्षामंत्री ने सभी छात्राओं से उनके सपनों की उड़ान के बारे में भी पूछा और सभी को कलम एवं



फोल्डर देकर सभी का हौसला बढ़ाया। शिक्षामंत्री ने छात्राओं के साथ उपस्थित महिला शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी।

### क्या है लाड़ो प्रोत्साहन योजना

राजस्थान सरकार द्वारा एक अगस्त, 2024 को प्रदेशभर में लागू लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत बालिकाओं को जन्म से लेकर 21 साल की आयु पूर्ण होने तक किस्तों में एक लाख रुपए की राशि डीबीटी यानी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए खातों में दी जाएगी। 2500 रुपए की पहली किस्त चिकित्सा संस्थानों में लड़की के जन्म के समय अकाउंट में भेजी जाएगी, जबकि इतने की ही दूसरी किस्त बालिका के एक साल पूरा होने एवं टीका लगने पर दी जाएगी।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुलाबी नगरी जयपुर में आयोजित आईफा अवार्ड 2025 समारोह




● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** फिल्म जगत से जुड़े सितारे आज जयपुर की धरती पर हैं। इस मौके पर आज राजधानी जयपुर के जेईसीसी में आयोजित आईफा अवार्ड 2025 समारोह को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह एक अद्वितीय आयोजन है, जिससे राजस्थान की पर्यटन और कला संस्कृति को विश्व स्तर पर प्रचारित करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में फिल्म जगत, कला, पर्यटन को लेकर अपार संभावनाएं हैं जिन्हें इस आयोजन के जरिए विश्व वृत्त पर प्रचारित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समारोह से ने केवल फिल्म जगत से जुड़े लोग और पर्यटक आकर्षित होंगे, बल्कि राज्य की आर्थिक व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। क्योंकि पर्यटन बढ़ेगा तो यहां कई तरह के भी व्यवसाय बढ़ेंगे। उपमुख्यमंत्री ने वहां मौजूद फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को आश्वस्त किया कि न सिर्फ राजस्थान का पर्यटन विभाग, बल्कि पूरी सरकार और राजस्थान के 8 करोड लोग राजस्थान को विकसित बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहां की राजस्थान के दरवाजे हमेशा खुले हैं, बस जरूरत है यहां आकर तमाम संभावनाओं को मूर्त रूप देने की, जिसमें यह कार्यक्रम और इससे जुड़े हुए लोग बड़ी मदद कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएं भी दी।

## आरपीएस नेहा राव को पीएचडी की उपाधि



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण करने वाली आरपीएस नेहा राव को समाजशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। नेहा राव ने विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. पूरणमल यादव के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया। नेहा राव ने महिला नगरीकरण और सामाजिक परिवर्तन (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातीय महिलाओं का एक तुलनात्मक अध्ययन) के विषय पर शोध किया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** 8 मार्च 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन डॉ. महेंद्र कुमार परमार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सलूम्बर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि आज महिलाओ ने पुरुषो के समान कन्धे से कन्धा मिलाकर हर क्षेत्र में उच्च श्रेणी के पदों पर पदस्थापित है, चाहे वो तकनीकि हो या प्रशासनिक, कानूनी हो या पुलिस, राजनीतिक सभी स्थानो पर महिलाओं का वर्चस्व बनाया है इसलिये उपस्थित सभी महिलाओं से आग्रह किया कि आप भी स्वयं परिवार समाज और देश का नाम रोशन करे और अपना नाम कमायें। इस संगोष्ठी में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ अधिकारी डॉ0 सिंटू कुमावत उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 महेन्द्र कुमार लोहार, जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र पुरी गोस्वामी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और



बताया कि आज भी घर, परिवार की मुखिया महिला ही होती है वही देश व परिवार का नाम रोशन करने में प्रमुख भूमिका रही है, आज देश प्रगति कर रहा है तो महिलाओं के कारण ही है साथ ही महिला सशक्तिकरण बेहतर स्वास्थ्य पर भी अपने विचार रखे और सभी महिलाओं के अनुभव व विचारों से भी अवगत कराया गया, इस इस संगोष्ठी में भारतीय प्रबंधन संस्थान उदयपुर से डॉ जिल, विजय शर्मा, काजल प्रजापत, विशाखा संस्थान से उमा शंकर, आजीविका ब्यूरो से सुनीता चौधरी, ब्लॉक हेल्थ सर्विसेस से प्रमिला पाटीदार तथा जिले के सभी खण्ड से एलएचवी, एएनएम, आशा व प्रसाविका तथा प्रशिक्षण केंद्रों की सभी छात्राएं उपस्थित रही इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ के क्षेत्र में ओर क्या सुधार कर सकते है और इस क्षेत्र में क्या क्या समस्या आती हैं इस पर डॉ जिल ने विस्तार से चर्चा की गई।

## अखिल भारतीय सीनियर आर्टिस्ट पेंटिंग कैम्प एवं अखिल भारतीय मल्टीमीडिया कैंप आरंभ

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** समकालीन कला जगत के प्रसिद्ध कलाकार दीपक शिंदे, विनोद शर्मा (मुंबई), पद्मश्री प्रेमजीत बारिया (दमन दीव), संतोष वर्मा (नई दिल्ली) के साथ संस्था चेयरमैन सुरेश शर्मा द्वारा कला विभुत भावनाओं को केनवास पर छः दिवसीय कैंप में साकार किया जा रहा है। अध्यक्ष विद्यासागर उपाध्याय ने बताया कि इन शिविरों के महत्व एवं उद्देश्य देश भर के विभिन्न भागों में काम कर रहे अलग अलग माध्यमों में प्रयोग करने वाले कलाकारों द्वारा कार्यानुभव साझा करना है ताकि नवनवीन उपयोगी तकनीकों का लाभ सभी को मिल सके। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपने इच्छित माध्यम अनुरूप कार्यशाला को नई ऊंचाइयां दी। सचिव संदीप पालीवाल ने बताया कि मुंबई से चरण शर्मा, राजेन्द्र पाटिल, जयपुर से विनय शर्मा, गौरीशंकर सोनी एवं कई स्थानीय कलाकार अब्बास बाटलीवाला, छोटूलाल, आर के शर्मा, सी पी चौधरी, ललित शर्मा, सुभाष मेहता, रघुनाथ शर्मा के साथ कई अन्य कलाकारों ने भी कार्य आरंभ किया है। इसके समानांतर ही राजस्थान के कला, संस्कृति विभाग के सहयोग से 'अखिल भारतीय मल्टीमीडिया कैंप भी आरंभ हुआ है, जिसमें सेरेमिक, टेराकोटा, ग्राफिक्स, ड्राइंग जैसे माध्यमों एवं तकनीकों से सृजन किया जा रहा है। बड़ोदरा से अरुण बी. अयंतिका सेजवाल, लखनऊ से प्रेमशंकर प्रसाद, जयपुर से मीनू श्रीवास्तव एवं रेखा भटनागर, उदयपुर से समता पाठक, सुधाकर बेलेकर, ,जयेश सिकलीगर, शंकर शर्मा, नसीम अहमद, आदित्य धाबाई आदि कई कलाकारों ने अपने इच्छित माध्यम व शैली के अनुसार जीरो शोरो से कार्यारंभ कर दिया है। 12 मार्च तक चलने वाले इन दोनों कला शिविरों में लगभग 42 कलाकारों के सृजन अनुभवों एवं विविध शैलियों से कई नए कल्पित बिंब साकार होंगे। संस्था की कला दीर्घा में समापन दिवस पर इन कृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर चैप्टर ऑफ एनआईआरसी ऑफ आईसीएसआई द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर चैप्टर के अध्यक्ष सीएस सूर्य प्रकाश मौड़ ने सभी गणमान्य अतिथियों, सदस्यों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। चैप्टर की सचिव सीएस रोहिणी अवचार ने इस आयोजन को महिलाओं की उपलब्धियों की मान्यता और प्रेरणा का अवसर बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा सिंह परिहार और विशेष अतिथि श्रीमती अंजना सुखवाल ने महिला सशक्तिकरण और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही, सीएस प्रियंका व्यास, सीए मीनाक्षी भेरवानी और अधिवक्ता खुशबू मालवीय की उपस्थिति ने इस आयोजन को और गरिमा प्रदान की। इस कार्यक्रम में सीएस कार्यकारी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। खुशबू कंवर ने अखिल भारतीय प्रथम स्थान और सेंटर रैंक-1, जसवंत सिंह गहलोत ने ढ्ढक्र8 और सेंटर रैंक-2, हर्षिता जगदीश खुशलानी ने सेंटर रैंक-1 (पुराना पाठ्यक्रम), तथा उत्तम लोहार ने सेंटर रैंक-3 प्राप्त कर उदयपुर का नाम रोशन किया। साथ ही, सीएस प्रोफेशनल और सीएस कार्यकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएस शैलेश जैन, सीएस पुष्कर लाल जाट, सीएस महिपाल सिंह सोलंकी, सीएस अर्पित कलानी, सीएस गौरव वशिष्ठ, सीएस ऋतिका झोटा, सीएस राशि पाटाख सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष सीएस सूर्य प्रकाश मौड़ ने महिलाओं के अधिकारों और उनके समाज में योगदान को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अनुभूति त्रिपाठी और चंचल काबरा ने किया। समारोह के सफल आयोजन के लिए चैप्टर की पूरी टीम को बधाई दी गई।

## रंगशाला में 'किस्से किनारों के' नाटक का मंचन आज

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार 9 मार्च 2025 को नाटक 'किस्से किनारों के' का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार 9 मार्च 2025 को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में 'किस्से किनारों के' नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के निर्देशक अभिषेक गोस्वामी है। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## महिला दिवस पर मिली सुरक्षा की सौगात

# श्रमजीवी विधि महाविद्यालय में महिला विद्यार्थियों और शिक्षिकाओं ने डाऊनलोड किया राजकॉप सिटीजन एप



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राजस्थान पुलिस द्वारा प्रदेशभर की आधी आबादी से राजकॉप सिटीजन मोबाइल एप डाऊनलोड करने की अपील का व्यापक असर देखा गया। शनिवार को दिनभर महिला दिवस के आयोजनों में इस मोबाइल एप की चर्चा होती रही और प्रदेशभर में बड़ी संख्या महिलाओं ने इस एप को डाऊनलोड भी किया। शहर के श्रमजीवी विधि महाविद्यालय में महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण मदद काशी फाउंडेशन की संस्थापक सरोज पटेल ने बतौर वक्ता महिला अधिकारों और वर्तमान दौर में उनकी सुरक्षा से जुड़ी चुनोतियों पर जानकारी दी। उन्होंने राजस्थान पुलिस द्वारा तैयार किए गए राजकॉप सिटीजन एप के बारे में भी बताया और इसे डाऊनलोड करने की अपील की। सरोज ने बताया कि राजस्थान पुलिस के राजकॉप सिटीजन एप में जोड़ा गया नीड हेल्प फीचर महिलाओं के लिए वरदान साबित हुआ है। यह फीचर आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन परिस्थितियों में पीड़ित महिलाओं को बिना समय गवाएं चंद मिनटों में सहायता उपलब्ध कराता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में न सिर्फ महिला विद्यार्थियो अपितु शिक्षिकाओं ने राजकॉप सिटीजन एप को डाऊनलोड किया और सरकार द्वारा मुहैया करवाई गई सुरक्षा की सौगात प्राप्त की।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुंडियारामसर में हुआ कौशल रोजगार एवं उद्यमिता शिविर का आयोजन

# हिम्मत एवं हुनर के दम पर युवा हासिल करें मुकामः राज्यवर्धन सिंह राठौड़

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** युवा देश का भविष्य है, युवा जीवन में असफलताओं से हताश होने के बजाय असफलतओं को अपनी सफलता की सीढ़ी बनायें और हिम्मत एवं हुनर के दम पर अपना मुकाम हासिल करें। राजस्थान सरकार युवाओं की प्रतिभा तलशाने एवं तराशने का काम कर रही है। यह कहना है कैबिनेट मंत्री, उद्योग एवं वाणिज्य, खेल एवं युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुंडियारामसर में शनिवार को आयोजित विशाल कौशल रोजगार एवं उद्यमिता शिविर को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी शक्ति एवं युवा शक्ति विश्व को नई उचाईयां प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को आर्थिक रूप से संबल बनाकर उनके जीवन को खुशहाल बनाने में कार्य कर रहीं है। राजस्थान सरकार द्वारा आगामी वर्ष में 1 लाख 25 हजार सरकारी नौकरियां एवं करीब 1 लाख 50 हजार निजी क्षेत्र में रोजगार प्रदान किया जायेगा। राज्य मंत्री माननीय के. के. विश्नोई (उद्योग एवं वाणिज्य, खेल एवं युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग) ने भी आशार्थियों एवं नियोजकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कौशल,रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के आयुक्त श्री गौरव सैनी ने मेले का अवलोकन कर सभी आगन्तुक नियोजकों को



मेले में उपस्थित होने पर आभार व्यक्त किया। रोजगार विभाग के निदेशक श्री धर्मपाल मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के अंतर्गत 577 करोड़ की राशि वितरित की है। उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय की उपनिदेशक श्रीमती नवरेखा ने बताया कि इस मौके पर अतिथियों द्वारा 20 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कियें गयें तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले 10 निजी नियोजकों को सम्मानित किया गया। मेगा रोजगार मेले मे 3893 आशार्थियों ने भाग लिया। मेगा रोजगार मेले में निर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैकिंग, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, फॉर्मा, सिक्योरिटी, कॉल सेंटर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित 51 निजी नियोजकों ने भाग ले कर अपनी रिक्तियों के साथ मौके पर ही 814 युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया एवं प्रशिक्षण हेतु 308 आशार्थियों का चयन कर लाभान्वित किया गया। इस मौके पर स्वरोजगार की जानकारी एवं कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस मौके पर आईटीआई जिला उद्योग केन्द्र, आरएसएलडीसी, एवं एनसीएस फॉर एससी/एसटी के अधिकारी एवं प्रतिनिधि ने मेले में भाग ले कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कीं। सेना भर्ती कार्यालय ने मौके पर उपस्थित युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।